1. द्रव्यमान m का एक कण निम्न बल की क्रिया के अधीन xy-समतल में गतिमान है :

$\vec{F} = -k(x\hat{i} + y\hat{j})$

यदि k एक धनात्मक स्थिरांक है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

I. $\vec{F}$ एक केंद्रीय बल है।

II. मूलबिंदु के सापेक्ष गतिमान कण का कोणीय संवेग संरक्षित रहता है।

III. मूलबिंदु के सापेक्ष कण का क्षेत्रीय वेग स्थिर रहता है।

(A) II और III (B) I, II और III (C) केवल I (D) I और III

A particle of mass m moves in the xy-plane under the action of force :

$\vec{F} = -k(x\hat{i} + y\hat{j})$

If k is a positive constant, then which of the following statements is/are correct ?

I. $\vec{F}$ is a central force.

II. Angular momentum of the moving particle about the origin remains conserved.

III. The areal velocity of the particle about the origin remains constant.

(A) II and III (B) I, II and III (C) Only I (D) I and III

2. किस विकिरण की आयनन क्षमता सबसे अधिक है, लेकिन भेदन क्षमता सबसे कम है ?

(A) ऐल्फा विकिरण (B) गामा विकिरण (C) एक्स-किरणें (D) बीटा विकिरण

Which radiation has the highest ionizing power, but the lowest penetrating power ?

(A) Alpha radiation (B) Gamma radiation (C) X-rays (D) Beta radiation

3. एक व्यक्ति इस प्रकार चलता है कि वह कुल समय का आधा भाग 36 किमी/घंटे की चाल से यात्रा करता है और शेष आधे सम आधी दूरी 20 किमी/घंटे की चाल से तथा शेष आधी दूरी 30 किमी/घंटे की चाल से तय करता है। औसत वेग ($V_{avg.}$) ज्ञात की

(A) 25 किमी/घंटा (B) 35 किमी/घंटा (C) 20 किमी/घंटा (D) 30 किमी/घंटा

A person moves in such a way that he travels half of the total time at a speed of 36 km/hr and in remaining half of the time, half of the distance at a speed of 20 km/hr and the remaining half of the dista at a speed of 30 km/hr. Find the average velocity ($V_{avg.}$).

(A) 25 km/hr (B) 35 km/hr (C) 20 km/hr (D) 30 km/hr

4. मानक सेल विभव इस प्रकार दिया जाता है :

$E^\circ_{सेल} = E^\circ_{कैथोड} - E^\circ_{एनोड}$

यदि $E^\circ_{सेल}$ धनात्मक है, तो अभिक्रिया है :

(A) स्वतःप्रवर्तित (B) साम्यावस्था पर (C) असंभव (D) अस्वतःप्रवर्तित

Standard cell potential is given by :

$E^\circ_{cell} = E^\circ_{cathode} - E^\circ_{anode}$

If $E^\circ_{cell}$ is positive, the reaction is :

(A) Spontaneous (B) At equilibrium (C) Impossible (D) Non-spontaneous

1011134241

5. यदि 12 ग्राम कार्बन, 16 ग्राम ऑक्सीजन के साथ मिलकर CO बनाता है और 32 ग्राम ऑक्सीजन के साथ मिलकर $CO_2$ बनाता है, तो यह निम्नलिखित नियम को प्रदर्शित करता है :

(A) संयोजी आयतनों का नियम
(B) गुणित अनुपात का नियम
(C) व्युत्क्रम अनुपात का नियम
(D) स्थिर अनुपात का नियम

If 12 g of carbon combines with 16 g of oxygen to form CO and with 32 g of oxygen to form $CO_2$, then the law illustrated is :

(A) Law of Combining Volumes
(B) Law of Multiple Proportions
(C) Law of Reciprocal Proportions
(D) Law of Constant Proportions

1011134241

6. निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे प्रबल ऑक्सीकारक है ?

(A) $MnO_4^-$
(B) $H_2O$
(C) $MnO_2$
(D) $Cr_2O_7^{2-}$

Which one is the strongest oxidising agent among the following ?

(A) $MnO_4^-$
(B) $H_2O$
(C) $MnO_2$
(D) $Cr_2O_7^{2-}$

7. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म प्रकृति में समाकृतिक (आइसोमॉर्फस) ***नहीं*** है ?

(A) $K_2SO_4$ और $K_2SeO_4$
(B) $CaCO_3$ और $Na_2CO_3$
(C) $ZnSO_4 . 7H_2O$ और $FeSO_4 . 7H_2O$
(D) NaCl और KCl

Which of the following pairs is ***not*** isomorphous in nature ?

(A) $K_2SO_4$ and $K_2SeO_4$
(B) $CaCO_3$ and $Na_2CO_3$
(C) $ZnSO_4 . 7H_2O$ and $FeSO_4 . 7H_2O$
(D) NaCl and KCl

8. कौन-सा यौगिक चलावयवता ***नहीं*** दर्शाता है ?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

Which compound does ***not*** show tautomerism ?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

9. एक बिंदु वस्तु को एक समतल दर्पण से d दूरी पर रखा गया है। यदि दर्पण को वस्तु की ओर v चाल से ले जाया जाए, तो वस्तु के सापेक्ष प्रतिबिंब की चाल है :

(A) 2v (B) $\frac{v}{2}$ (C) 4v (D) v

A point object is placed at a distance d from a plane mirror. If the mirror is moved towards the object with speed v, the speed of the image relative to the object is :

(A) 2v (B) $\frac{v}{2}$ (C) 4v (D) v

10. एक 500 वाट का बल्ब 300 nm तरंगदैर्ध्य का एकवर्णी प्रकाश उत्सर्जित करता है। बल्ब द्वारा उत्सर्जित एक फोटॉन की ऊर्जा की गणना कीजिए।

(A) $5{\cdot}626 \times 10^{-19}$J (B) $6{\cdot}626 \times 10^{-19}$J (C) $4{\cdot}969 \times 10^{-19}$J (D) $6{\cdot}969 \times 10^{-19}$J

A 500 watt bulb emits monochromatic light with a wavelength of 300 nm. Calculate the energy of one photon emitted by the bulb.

(A) $5{\cdot}626 \times 10^{-19}$J (B) $6{\cdot}626 \times 10^{-19}$J (C) $4{\cdot}969 \times 10^{-19}$J (D) $6{\cdot}969 \times 10^{-19}$J

11. हेक्सेन ($C_6H_{14}$) के कितने संरचनात्मक समावयवी होते हैं ?

(A) 4 (B) 6 (C) 5 (D) 3

How many structural isomers exist for hexane ($C_6H_{14}$) ?

(A) 4 (B) 6 (C) 5 (D) 3

12. एक आदर्श ट्रांसफॉर्मर में कुंडलन प्रतिरोध नगण्य होता है और इसे t = 0 पर DC वोल्टता V से आपूर्ति की जाती है। चुंबकीय क्रोड को रैखिक माना गया है, जिसमें संतृप्ति नहीं है और पारगम्यता अनंत है। तापीय प्रभावों की उपेक्षा करते हुए, क्रोड में चुंबकीय फ्लक्स ($\phi(t)$) की समय निर्भरता सर्वोत्तम रूप से व्यक्त की जाती है :

(A) $\phi(t)$ = स्थिर (B) $\phi(t) \propto Vt$ (C) $\phi(t) \propto V$ (D) $\phi(t) \propto \frac{V}{t}$

An ideal transformer has negligible winding resistance and is supplied with a DC voltage V at t = 0. The magnetic core is taken as linear with no saturation and infinite permeability. Ignoring thermal effects, the time dependence of magnetic flux ($\phi(t)$) in the core is best described by :

(A) $\phi(t)$ = constant (B) $\phi(t) \propto Vt$ (C) $\phi(t) \propto V$ (D) $\phi(t) \propto \frac{V}{t}$

13. मूलबिंदु के सापेक्ष बल $3\hat{i} + 5\hat{j} + 7\hat{k}$ का बलाघूर्ण ज्ञात कीजिए। यह बल एक कण पर क्रिया करता है जिसका स्थिति सदिश $2\hat{i} + \hat{j} - 3\hat{k}$ है।

(A) $11\hat{i} + 12\hat{j} - 7\hat{k}$ (B) $11\hat{i} - 12\hat{j} + 7\hat{k}$ (C) $22\hat{i} - 23\hat{j} + 7\hat{k}$ (D) $22\hat{i} - 24\hat{j} + 7\hat{k}$

Find the torque of a force $3\hat{i} + 5\hat{j} + 7\hat{k}$ about the origin. The force acts on a particle whose position vector is $2\hat{i} + \hat{j} - 3\hat{k}$.

(A) $11\hat{i} + 12\hat{j} - 7\hat{k}$ (B) $11\hat{i} - 12\hat{j} + 7\hat{k}$ (C) $22\hat{i} - 23\hat{j} + 7\hat{k}$ (D) $22\hat{i} - 24\hat{j} + 7\hat{k}$

10111342241

14. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजक निर्वात के संबंध में प्रिज़्म के सापेक्ष अपवर्तनांक के लिए सही है ? (जहाँ प्रिज़्म का कोण A, न्यूनतम विचलन का कोण $\delta_m$ और n प्रिज़्म का सापेक्ष अपवर्तनांक है)

(A) $n = \dfrac{\sin\left[\frac{(A+\delta m)}{2}\right]}{\sin A}$

(B) $n = \dfrac{\sin A}{\sin\left[A + \frac{\delta m}{2}\right]}$

(C) $n = \dfrac{\cos\left[\frac{(A+\delta m)}{2}\right]}{\sin \frac{A}{2}}$

(D) $n = \dfrac{\sin\left[\frac{(A+\delta m)}{2}\right]}{\sin\left(\frac{A}{2}\right)}$

1011334241

Which of the following is the correct expression for the relative refractive index of the prism with respect to vacuum ?

(where the angle of the prism is A, the angle of minimum deviation is $\delta_m$, and n is the relative refractive index of the prism)

(A) $n = \dfrac{\sin\left[\frac{(A+\delta m)}{2}\right]}{\sin A}$

(B) $n = \dfrac{\sin A}{\sin\left[A + \frac{\delta m}{2}\right]}$

(C) $n = \dfrac{\cos\left[\frac{(A+\delta m)}{2}\right]}{\sin \frac{A}{2}}$

(D) $n = \dfrac{\sin\left[\frac{(A+\delta m)}{2}\right]}{\sin\left(\frac{A}{2}\right)}$

1011334241

15. एक वस्तु को क्षैतिज के ऊपर $\theta^\circ$ कोण पर $V_0$ वेग से प्रक्षेपित किया जाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा पथ का समीकरण x और y निर्देशांकों में सही रूप में दर्शाता है ?

(A) $y = x \tan\theta + \dfrac{gx^2}{2(V_0 \sin\theta)^2}$

(B) $y = x \tan\theta - \dfrac{1}{2}\dfrac{gx^2 \sec^2\theta}{V_0^2}$

(C) $y = x \sec\theta - \dfrac{1}{2}\dfrac{gx^2 \sec^2\theta}{V_0^2}$

(D) $y = x \tan\theta + \dfrac{gx^2}{2(V_0 \cos\theta)^2}$

1011334241

An object is projected at a speed of $V_0$ in a direction $\theta^\circ$ above the horizontal. Which of the following correctly represents the equation of the path in coordinates x and y ?

(A) $y = x \tan\theta + \dfrac{gx^2}{2(V_0 \sin\theta)^2}$

(B) $y = x \tan\theta - \dfrac{1}{2}\dfrac{gx^2 \sec^2\theta}{V_0^2}$

(C) $y = x \sec\theta - \dfrac{1}{2}\dfrac{gx^2 \sec^2\theta}{V_0^2}$

(D) $y = x \tan\theta + \dfrac{gx^2}{2(V_0 \cos\theta)^2}$

16. सफेदी (पुताई) करने के दो से तीन दिनों के बाद एक यौगिक बनता है जो दीवारों को एक चमकदार फिनिश देता है। यह यौगिक $CO_2$ की ________ के साथ अभिक्रिया से बनता है।

(A) $CaCO_3$ (B) $Ca(OH)_2$ (C) CaO (D) $CaCO_2$

A compound is formed after two to three days of whitewashing and gives a shiny finish to the walls. This compound is formed by the reaction of $CO_2$ with ________ .

(A) $CaCO_3$ (B) $Ca(OH)_2$ (C) CaO (D) $CaCO_2$

17. कौन-सा यौगिक अंतरा-अणुक हाइड्रोजन आबंध प्रदर्शित करता है ?

(A) एथेनॉल (B) o-नाइट्रोफीनॉल (C) जल (D) p-नाइट्रोफीनॉल

Which compound shows intramolecular hydrogen bonding ?

(A) Ethanol (B) o-Nitrophenol (C) Water (D) p-Nitrophenol

18. एक ही ताप और दाब पर दो गैसों के घनत्व $d_1$ और $d_2$ हैं। यदि $d_1 = 4d_2$ है, तो उनके मोलर द्रव्यमानों का अनुपात है :

(A) 2 : 1 (B) 4 : 1 (C) 1 : 4 (D) 1 : 2

Two gases at the same temperature and pressure have densities $d_1$ and $d_2$. If $d_1 = 4d_2$, the ratio of their molar masses is :

(A) 2 : 1 (B) 4 : 1 (C) 1 : 4 (D) 1 : 2

19. कौन-सा धातु जल के साथ सबसे प्रबल रूप से अभिक्रिया करता है ?

(A) मैग्नीशियम (B) सोडियम (C) पोटैशियम (D) लिथियम

Which metal reacts most vigorously with water ?

(A) Magnesium (B) Sodium (C) Potassium (D) Lithium

20. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन *ग़लत* है ?

(A) यदि $n_{21}$ माध्यम 1 के सापेक्ष माध्यम 2 का अपवर्तनांक है और $n_{12}$ माध्यम 2 के सापेक्ष माध्यम 1 का अपवर्तनांक है, तो $n_{12} = n_{21}$.

(B) एक तिर्यक आपतित ($0° < i < 90°$) प्रकाश किरण की संचरण की दिशा, जो दूसरे माध्यम में प्रवेश करती है, दो माध्यमों के अंतरापृष्ठ पर परिवर्तित हो जाती है।

(C) तारपीन का अपवर्तनांक जल की तुलना में अधिक होता है।

(D) अपवर्तनांक दो माध्यमों में प्रकाश की चाल का अनुपात है।

Which of the following statements is ***incorrect*** ?

(A) If $n_{21}$ is the refractive index of medium 2 with respect to medium 1 and $n_{12}$ is the refractive index of medium 1 with respect to medium 2, then $n_{12} = n_{21}$.

(B) The direction of propagation of an obliquely incident ($0° < i < 90°$) ray of light that enters the other medium changes at the interface of the two media.

(C) The refractive index of turpentine is higher than that of water.

(D) Refractive index is the ratio of the speed of light in two media.

1011342411

21. यंग के द्वि-झिरी प्रयोग में, दो झिरियों से आने वाले प्रकाश की तीव्रताएँ 4 : 1 के अनुपात में हैं। यदि व्यतिकरण पैटर्न में अधिकतम तीव्रता $I_{max}$ है, तो न्यूनतम तीव्रता $I_{min}$ क्या होगी ?

(A) $I_{max} / 3$ (B) $I_{max} / 5$ (C) $I_{max} / 4$ (D) $I_{max} / 9$

In Young's double-slit experiment, the intensities of light coming from the two slits are in the ratio 4 : 1. If the maximum intensity in the interference pattern is $I_{max}$, what will be the minimum intensity $I_{min}$ ?

(A) $I_{max} / 3$ (B) $I_{max} / 5$ (C) $I_{max} / 4$ (D) $I_{max} / 9$

22. एक गैल्वेनोमीटर को __________ से जोड़कर वोल्टमीटर में परिवर्तित किया जाता है।

(A) पार्श्वक्रम में निम्न प्रतिरोध (B) श्रेणीक्रम में निम्न प्रतिरोध
(C) श्रेणीक्रम में उच्च प्रतिरोध (D) पार्श्वक्रम में उच्च प्रतिरोध

A galvanometer is converted into a voltmeter by connecting __________.

(A) low resistance in parallel (B) low resistance in series
(C) high resistance in series (D) high resistance in parallel

23. एक आदर्श गैस में आण्विक स्वातंत्र्य-कोटि ताप के साथ परिवर्तित होता है; ताप $T_1$ पर, यह द्विपरमाणुक गैस की तरह व्यवहार करती है, जबकि ताप $T_2 > T_1$ पर यह त्रिपरमाणुक (अरेखीय) गैस की तरह व्यवहार करती है। गैस को ताप $T_1$ से $T_2$ तक एक अतिशय धीमे रुद्धोष्म प्रक्रम में ले जाया जाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ? (यहाँ $\gamma_1 = T_1$ पर विशिष्ट ऊष्मा अनुपात और $\gamma_2 = T_2$ पर विशिष्ट ऊष्मा अनुपात)

(A) $\gamma_1 = \frac{5}{3}, \gamma_2 = \frac{7}{5}$ (B) $\gamma_1 = \frac{7}{5}, \gamma_2 = \frac{4}{9}$ (C) $\gamma_1 < \gamma_2$ (D) $\gamma_1 > \gamma_2$

An ideal gas has molecular degrees of freedom that change with temperature; at temperature $T_1$, it behaves as a diatomic gas, while at temperature $T_2 > T_1$, it behaves as a triatomic (non-linear) gas. The gas is taken from temperature $T_1$ to $T_2$ in an adiabatic process carried out very slowly. Which of the following is correct ? (Here $\gamma_1$ = specific heat ratio at $T_1$ and $\gamma_2$ = specific heat ratio at $T_2$)

(A) $\gamma_1 = \frac{5}{3}, \gamma_2 = \frac{7}{5}$ (B) $\gamma_1 = \frac{7}{5}, \gamma_2 = \frac{4}{9}$ (C) $\gamma_1 < \gamma_2$ (D) $\gamma_1 > \gamma_2$

24. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन मिश्रण को यौगिक से अलग करता है ?

(A) मिश्रण अपने अवयवों के गुणों को बनाए रखते हैं।
(B) मिश्रणों का एक निश्चित गलनांक होता है।
(C) यौगिकों को भौतिक रूप से पृथक किया जा सकता है।
(D) यौगिकों का संघटन परिवर्ती (अस्थिर) होता है।

Which of the following statements distinguishes a mixture from a compound ?

(A) Mixtures retain the properties of their constituents.
(B) Mixtures have a definite melting point.
(C) Compounds can be separated physically.
(D) Compounds have variable composition.

1011342241

25. एक आदर्श कृष्णिका (ब्लैकबॉडी) की __________ होती है।

(A) उत्सर्जकता शून्य (B) अवशोषकता शून्य (C) परावर्तकता = 1 (D) अवशोषकता = 1

A perfect blackbody has __________.

(A) zero emissivity (B) zero absorptivity (C) reflectivity = 1 (D) absorptivity = 1

26. 'आयतन के स्थिर अनुपात' का नियम किसने दिया ?

(A) आंतोएन लावूसिए (B) जोसेफ लुई प्राउस्ट

(C) आवोगाद्रो (D) गै-लुसैक

Who gave the law of "Definite proportions by volume" ?

(A) Antoine Lavoisier (B) Joseph Louis Proust

(C) Avogadro (D) Gay-Lussac

27. हाइड्रोजन परमाणु की पहली कक्षा की त्रिज्या है :

(A) 3·18 Å (B) 1·06 Å (C) 0·53 Å (D) 2·12 Å

The radius of the first orbit of a hydrogen atom is :

(A) 3·18 Å (B) 1·06 Å (C) 0·53 Å (D) 2·12 Å

28. किस तत्त्व में ऑक्सीकरण अवस्थाओं की संख्या अधिकतम होती है ?

(A) टाइटेनियम (B) लौह (आयरन) (C) वैनेडियम (D) मैंगनीज

Which element has the greatest number of oxidation states ?

(A) Titanium (B) Iron (C) Vanadium (D) Manganese

29. ओज़ोन ($O_3$) की लुइस संरचना नीचे दर्शाई गई है। इस संरचना में परमाणुओं को 1, 2 और 3 से दर्शाया गया है। परमाणु 1, 2 औ
पर क्रमशः फॉर्मल आवेश क्या हैं ?




(A) –1, 0, +1 (B) 0, 0, 0 (C) +1, 0, –1 (D) +1, –1, 0

The Lewis structure of ozone ($O_3$) is shown below. In this structure the atoms are represented by 1, 2 a
3. What are the formal charges on atoms 1, 2 and 3 respectively ?




(A) –1, 0, +1 (B) 0, 0, 0 (C) +1, 0, –1 (D) +1, –1, 0

101134241

30. कौन-सा कक्षक डोनट के आकार का है और इसके दो लोब z-अक्ष के अनुदिश होते हैं ?

(A) $d_{z^2}$ (B) $d_{yz}$ (C) $d_{xz}$ (D) $d_{xy}$

Which orbital has a doughnut shape and two lobes along the z-axis ?

(A) $d_{z^2}$ (B) $d_{yz}$ (C) $d_{xz}$ (D) $d_{xy}$

31. यदि किसी द्रव्य तरंग का इलेक्ट्रॉन के अनुरूप निश्चित संवेग हो और वह सम्पूर्ण मुक्त आकाश में फैला हो, तो वह सही विकल्प चुनिए जो $e^-$, $\Delta x$ द्वारा स्थिति में अनिश्चितता और $e^-$, $\Delta p$ द्वारा संवेग में अनिश्चितता को व्यक्त करता हो।

(A) $\Delta x \to \infty, \Delta p = 0$
(B) $\Delta x = 0, \Delta p = 0$
(C) $\Delta x \to \infty, \Delta p \to \infty$
(D) $\Delta x = 0, \Delta p \to \infty$

If a matter wave corresponding to an electron has definite momentum and extends all over space then choose the correct option, which expresses the uncertainty in the position of $e^-$, $\Delta x$ and the uncertainty in the momentum of $e^-$, $\Delta p$.

(A) $\Delta x \to \infty, \Delta p = 0$
(B) $\Delta x = 0, \Delta p = 0$
(C) $\Delta x \to \infty, \Delta p \to \infty$
(D) $\Delta x = 0, \Delta p \to \infty$

32. निकट दृष्टि दोष (मायोपिया) से पीड़ित व्यक्ति _________ का उपयोग करता है।

(A) बेलनाकार लेंस (B) अवतल लेंस (C) उत्तल लेंस (D) द्विफोकसी लेंस

A person suffering from myopia uses __________.

(A) cylindrical lens (B) concave lens (C) convex lens (D) bifocal lens

33. चार परमाणुओं के इलेक्ट्रॉनिक विन्यास कोष्ठकों में दिए गए हैं :

L ($1s^2 2s^2 2p^1$), M ($1s^2 2s^2 2p^5$)

Q ($1s^2 2s^2 2p^6 3s^1$), R ($1s^2 2s^2 2p^2$)

सबसे आसानी से द्विपरमाणुक अणु बनाने वाला तत्त्व है :

(A) M (B) R (C) Q (D) L

The electronic configurations of four atoms are given in brackets :

L ($1s^2 2s^2 2p^1$), M ($1s^2 2s^2 2p^5$)

Q ($1s^2 2s^2 2p^6 3s^1$), R ($1s^2 2s^2 2p^2$)

The element that would most readily form a diatomic molecule is :

(A) M (B) R (C) Q (D) L

34. किस यौगिक का क्वथनांक सबसे अधिक है ?

(A) एथेन (B) प्रोपेन (C) एथेनॉल (D) डाइमेथिल ईथर

Which compound has the highest boiling point ?

(A) Ethane (B) Propane (C) Ethanol (D) Dimethyl ether

35. कौन-सी प्रक्रिया एक भौतिक परिवर्तन है ?

(A) लोहे का जंग लगना
(B) हाइड्रोजन का दहन
(C) भोजन का पाचन
(D) मोम का पिघलना

Which process is a physical change ?

(A) Rusting of iron
(B) Burning of hydrogen
(C) Digestion of food
(D) Melting of wax

36. एक पिंड जिसका पृष्ठीय क्षेत्रफल A और उत्सर्जकता e है, एक बड़े आवरण में ताप $T_0$ पर रखा जाता है। प्रारंभ में, पिंड का T ($T > T_0$) होता है। फिर पिंड का ताप अचानक 2T हो जाता है, उत्सर्जकता $\frac{e}{2}$ हो जाती है, पृष्ठीय क्षेत्रफल 2A हो जाता है आवरण का ताप $T_0$ ही रहता है। अब, स्टेफन-बोल्ट्ज़मान नियम का उपयोग करके, परिवर्तन के बाद और परिवर्तन से पहले विकिरण शक्ति का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(A) $\frac{18\,T^4 - T_0^4}{T^4 - T_0^4}$
(B) $\frac{8\,T^4 - T_0^4}{T^4 - T_0^4}$
(C) $\frac{16\,T^4 - T_0^4}{T^4 - T_0^4}$
(D) $\frac{12\,T^4 - T_0^4}{T^4 - T_0^4}$

A body of surface area A and emissivity e is kept in a large enclosure at temperature $T_0$. Initially, the body is at temperature T ($T > T_0$). Then the temperature of the body suddenly becomes 2T, the emissivity becomes $\frac{e}{2}$, the surface area becomes 2A and the temperature of the enclosure remains $T_0$. Now, by using Stefan-Boltzmann law, find the ratio of net power radiated after the change to before the change.

(A) $\frac{18\,T^4 - T_0^4}{T^4 - T_0^4}$
(B) $\frac{8\,T^4 - T_0^4}{T^4 - T_0^4}$
(C) $\frac{16\,T^4 - T_0^4}{T^4 - T_0^4}$
(D) $\frac{12\,T^4 - T_0^4}{T^4 - T_0^4}$

37. इलेक्ट्रॉनों का अपवाह वेग _________ के समानुपाती होता है।

(A) चालक के द्रव्यमान
(B) प्रतिरोध
(C) ताप
(D) विद्युत क्षेत्र

The drift velocity of electrons is proportional to _________.

(A) mass of conductor
(B) resistance
(C) temperature
(D) electric field

38. आवेश वाहकों की सांद्रता प्रवणता के कारण उत्पन्न धारा को कहा जाता है :

(A) अपवाह
(B) विसरण
(C) अंत:क्षेपण
(D) क्षरण

The current produced due to a concentration gradient of charge carriers is called :

(A) Drift
(B) Diffusion
(C) Injection
(D) Leakage

39. निम्नलिखित में से किस युग्म की विमाएँ समान हैं ?

(A) शक्ति और ऊर्जा
(B) संवेग और बल
(C) बलाघूर्ण और ऊर्जा
(D) दाब और ऊर्जा

Which of the following pairs has the same dimensions ?

(A) Power and Energy
(B) Momentum and Force
(C) Torque and Energy
(D) Pressure and Energy

40. नाइट्रोजन का एक आयतन, हाइड्रोजन के तीन आयतनों के साथ अभिक्रिया करके अमोनिया के दो आयतन बनाता है। यदि अंतिम गैसीय उत्पाद का आयतन 8 L है, तो प्रयुक्त नाइट्रोजन का प्रारंभिक आयतन है :

(A) 2 L (B) 4 L (C) 1 L (D) 6 L

One volume of nitrogen reacts with three volumes of hydrogen to produce two volumes of ammonia. If the final gaseous product occupies 8 L, the initial volume of nitrogen used is :

(A) 2 L (B) 4 L (C) 1 L (D) 6 L

41. निम्नलिखित में से कौन-सा धातु तनु अम्लों से हाइड्रोजन को विस्थापित नहीं कर सकता ?

(A) ज़िंक (B) मैग्नीशियम (C) ताँबा (D) लौह (आयरन)

Which of the following metals *cannot* displace hydrogen from dilute acids ?

(A) Zinc (B) Magnesium (C) Copper (D) Iron

42. एकल-झिरी (स्लिट) फ्रॉनहोफर विवर्तन प्रयोग में, तरंगदैर्ध्य $\lambda$ वाला एकवर्णी प्रकाश, a चौड़ाई की एक झिरी (स्लिट) पर सामान्यतः अभिलंबवत् आपतित होता है। पर्दे पर बिंदु P उस कोण $\theta$ से संबंधित है जहाँ $a \sin\theta = \frac{3\lambda}{2}$ है। बिंदु P पर परिणामी विद्युत क्षेत्र सदिश की दिशा है :

(A) विवर्तन तल के लंबवत्

(B) केंद्रीय उच्चिष्ठ की दिशा के विपरीत

(C) केंद्रीय उच्चिष्ठ के समान

(D) शून्य

In a single-slit Fraunhofer diffraction experiment, monochromatic light of wavelength $\lambda$ normally falls on a slit of width a. A point P on the screen corresponds to an angle $\theta$ such that $a \sin\theta = \frac{3\lambda}{2}$. The direction of resultant electric field vector at point P is :

(A) Perpendicular to the plane of diffraction

(B) Opposite to that at the central maximum

(C) Same as at the central maximum

(D) Zero

43. ताप T पर एक पिंड की उत्सर्जन शक्ति $E = 200\ W/m^2$ और अवशोषकता 0·50 है। उसी ताप पर एक कृष्णिका (ब्लैकबॉडी) की उत्सर्जन शक्ति क्या होगी ?

(A) $300\ W/m^2$ (B) $400\ W/m^2$ (C) $100\ W/m^2$ (D) $200\ W/m^2$

A body has emissive power $E = 200\ W/m^2$ and absorptivity 0·50 at temperature T. The emissive power of a blackbody at the same temperature is :

(A) $300\ W/m^2$ (B) $400\ W/m^2$ (C) $100\ W/m^2$ (D) $200\ W/m^2$

44. दिगंशीय क्वांटम संख्या ($l$) निर्धारित करती है :

(A) इलेक्ट्रॉन का चक्रण (स्पिन)

(B) कक्षक का आकार

(C) कक्षक की आकृति

(D) कक्षक का त्रिविम अभिविन्यास

The azimuthal quantum number ($l$) determines the :

(A) Spin of the electron

(B) Size of the orbital

(C) Shape of the orbital

(D) Spatial orientation of the orbital

45. एक ट्रांसफॉर्मर को DC स्रोत से जोड़ने पर, वह :

(A) काम नहीं करेगा
(B) वोल्टता घटाएगा
(C) वोल्टता बढ़ाएगा
(D) AC आउटपुट उत्पन्न करेगा

A transformer connected to a DC source will :

(A) not work
(B) step down voltage
(C) step up voltage
(D) produce AC output

46. कौन-सा संक्रमण धातु यौगिक जलीय विलयन में रंगहीन होता है ?

(A) $Cu^{2+}$
(B) $Fe^{3+}$
(C) $Zn^{2+}$
(D) $Cr^{3+}$

Which transition metal compound is colourless in aqueous solution ?

(A) $Cu^{2+}$
(B) $Fe^{3+}$
(C) $Zn^{2+}$
(D) $Cr^{3+}$

47. एक ही आण्विक सूत्र वाले लेकिन अंतरिक्ष में परमाणुओं की सापेक्ष स्थिति में भिन्नता रखने वाले यौगिकों को ________ है।

(A) संरचनात्मक समावयवी
(B) क्रियात्मक समावयवी
(C) त्रिविम समावयवी
(D) स्थिति समावयवी

The compounds having the same molecular formula but differing in the relative position of atoms i
are known as ________.

(A) Structural isomers
(B) Functional isomers
(C) Stereoisomers
(D) Position isomers

48. एक कण को पृथ्वी के पृष्ठ से त्रिज्यत: बाहर की ओर $u = \frac{\sqrt{GM}}{R}$ चाल से प्रक्षेपित किया जाता है। पृथ्वी के केंद्र से कितनी द
पर कण की चाल उसकी प्रारंभिक चाल की एक-तिहाई हो जाएगी ?

(A) $\frac{9R}{5}$
(B) 4R
(C) $\frac{3R}{2}$
(D) 3R

A particle is projected radially outward from the surface of the Earth with speed $u = \frac{\sqrt{GM}}{R}$. A
distance r from the centre of the Earth does the particle's speed become one-third of its initial speed

(A) $\frac{9R}{5}$
(B) 4R
(C) $\frac{3R}{2}$
(D) 3R

49. वर्ण विपथन इसलिए होता है क्योंकि :

(A) फोकस दूरी तरंगदैर्ध्य पर निर्भर करती है
(B) परावर्तन होता है
(C) व्यतिकरण होता है
(D) लेंस मोटे होते हैं

Chromatic aberration occurs because :

(A) focal length depends on wavelength
(B) reflection occurs
(C) interference occurs
(D) lenses are thick

1011342241

50. क्वांटम यांत्रिकी का कौन-सा मौलिक सिद्धांत नाभिक के चारों ओर इलेक्ट्रॉन के एक सटीक, अच्छी तरह से परिभाषित क्लासिकल प्रक्षेप-पथ (ट्रेजक्टरी) पर चलने की संभावना को खारिज करता है ?

(A) हाइजेनबर्ग अनिश्चितता सिद्धांत
(B) इलेक्ट्रॉन की दे ब्रॉग्ली तरंगदैर्ध्य
(C) पाउली का अपवर्जन सिद्धांत
(D) बोर के कोणीय संवेग का क्वांटमीकरण

Which fundamental principle of quantum mechanics rules out the possibility of an electron moving along a precise, well-defined classical trajectory around the nucleus ?

(A) Heisenberg uncertainty principle
(B) de Broglie wavelength of electron
(C) Pauli's exclusion principle
(D) Bohr's quantization of angular momentum

51. कौन-सी अभिक्रिया अपघटन और ऊष्माशोषी दोनों है ?

(A) मेथेन का दहन
(B) अवक्षेपण अभिक्रिया
(C) जल का विद्युत-अपघटन
(D) उदासीनीकरण अभिक्रिया

Which reaction is both a decomposition and an endothermic reaction ?

(A) Combustion of methane
(B) Precipitation reaction
(C) Electrolysis of water
(D) Neutralization reaction

52. एक निश्चित धातु का कार्य फलन $2 \times 10^{-19}$ J है। इस धातु की देहली आवृत्ति क्या होगी ?

(A) $2 \times 10^{-19}\ s^{-1}$
(B) $3{\cdot}31 \times 10^{-15}\ s^{-1}$
(C) $6{\cdot}63 \times 10^{-34}\ s^{-1}$
(D) $3{\cdot}02 \times 10^{14}\ s^{-1}$

The work function of a certain metal is $2 \times 10^{-19}$ J. What is the threshold frequency of this metal ?

(A) $2 \times 10^{-19}\ s^{-1}$
(B) $3{\cdot}31 \times 10^{-15}\ s^{-1}$
(C) $6{\cdot}63 \times 10^{-34}\ s^{-1}$
(D) $3{\cdot}02 \times 10^{14}\ s^{-1}$

53. यदि केवल पाउली के अपवर्जन सिद्धांत की उपेक्षा की जाए, तो ज़ेनॉन (Z = 54) का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास क्या होगा ?

(A) $1s^{18}, 2s^{18}, 2p^{18}$
(B) $1s^{54}$
(C) $1s^{2}, 2s^{8}, 2p^{18}, 3d^{18}, 3p^{8}$
(D) $[Kr], 4d^{10}, 5s^{2}, 5p^{6}$

If only Pauli's exclusion principle is neglected, then what will be the electronic configuration of Xenon (Z = 54) ?

(A) $1s^{18}, 2s^{18}, 2p^{18}$
(B) $1s^{54}$
(C) $1s^{2}, 2s^{8}, 2p^{18}, 3d^{18}, 3p^{8}$
(D) $[Kr], 4d^{10}, 5s^{2}, 5p^{6}$

54. स्रोत पर निर्भर न करते हुए किसी दिए गए यौगिक में सदैव समान तत्त्व और उनके द्रव्यमान समान अनुपात में पाए जाते हैं। इसे कहा जाता है :

(A) गुणित अनुपात का नियम
(B) द्रव्यमान संरक्षण का नियम
(C) गैसीय आयतनों का नियम
(D) स्थिर अनुपात का नियम

Irrespective of the source, a given compound always contains the same elements combined together in the same proportion by mass. This is known as :

(A) Law of Multiple Proportions
(B) Law of Conservation of Mass
(C) Law of Gaseous Volumes
(D) Law of Definite Proportions

5. ध्रुवण के कारण कौन-सा यौगिक अधिकतम सहसंयोजी गुण प्रदर्शित करता है ?

(A) लिथियम फ्लुओराइड (B) लिथियम आयोडाइड (C) सीज़ियम आयोडाइड (D) सोडियम आयोडाइड

Which compound shows the maximum covalent character due to polarization ?

(A) Lithium fluoride (B) Lithium iodide (C) Caesium iodide (D) Sodium iodide

56. एक विभवमापी टर्मिनल वोल्टता के बजाय विद्युत-वाहक बल (emf) को मापता है क्योंकि :

(A) यह स्रोत के आंतरिक प्रतिरोध से प्रभावित होता है।

(B) तार का प्रतिरोध बहुत अधिक होता है।

(C) गैल्वेनोमीटर से होकर गुज़रने वाली धारा अधिकतम होती है।

(D) मापे जा रहे वोल्टता स्रोत से कोई धारा प्रवाहित नहीं होती।

A potentiometer measures electromotive force (emf) rather than terminal voltage because :

(A) It is affected by the internal resistance of the source.

(B) Resistance of wire is very large.

(C) Current through the galvanometer is maximum.

(D) No current flows through the voltage source being measured.

57. एक लिफ्ट के अंदर एक तोल मशीन पर द्रव्यमान m वाला एक पिंड रखा गया है। लिफ्ट अचानक गुरुत्वाकर्षण के अधीन स्वतंत्र से गिरने लगती है। गिरने के दौरान तोल मशीन पर क्या पाठ्यांक आएगा ?

(A) $\frac{mg}{2}$ (B) शून्य (C) 2 mg (D) 1 mg

A body of mass m is placed on a weighing machine inside a lift. The lift suddenly starts falling freely un gravity. What will be the reading of the weighing machine during the fall ?

(A) $\frac{mg}{2}$ (B) Zero (C) 2 mg (D) 1 mg

58. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गुणित अनुपात के नियम को दर्शाता है ?

(A) $H_2S$, $SO_2$ (B) PbO, $PbO_2$ (C) $PH_3$, HCl (D) $CoCl_2$, $CoSO_4$

Which of the following pairs illustrates the law of multiple proportions ?

(A) $H_2S$, $SO_2$ (B) PbO, $PbO_2$ (C) $PH_3$, HCl (D) $CoCl_2$, $CoSO_4$

59. 0·001 M HCl विलयन का pH क्या है ?

(A) 4 (B) 1 (C) 3 (D) 2

What is the pH of a 0·001 M HCl solution ?

(A) 4 (B) 1 (C) 3 (D) 2

60. एक पृष्ठ 40% आपतित विकिरण को परावर्तित करती है और 20% को संचरित करती है। ऊष्मीय संतुलन पर इसकी उत्सर्जकता है

(A) 0·6 (B) 0·8 (C) 0·2 (D) 0·4

A surface reflects 40% of incident radiation and transmits 20%. Its emissivity at thermal equilibrium is :

(A) 0·6 (B) 0·8 (C) 0·2 (D) 0·4

61. सिलिकॉन को p-प्रकार का अर्धचालक (सेमीकंडक्टर) बनाने के लिए कौन-सी अशुद्धि मिलाई जाती है ?

(A) ऐन्टिमनी (B) फॉस्फोरस (C) आर्सेनिक (D) बोरॉन

Which impurity is added to silicon to make it a p-type semiconductor ?

(A) Antimony (B) Phosphorus (C) Arsenic (D) Boron

62. एक कृष्णिका (ब्लैकबॉडी) को गर्म किया जाता है ताकि उसका ताप अपने प्रारंभिक मान का दोगुना हो जाए। उत्सर्जित विकिरण ऊर्जा हो जाती है :

(A) 2 गुना (B) 8 गुना (C) 4 गुना (D) 16 गुना

A blackbody is heated so that its temperature becomes twice its initial value. The radiant energy emitted becomes :

(A) 2 times (B) 8 times (C) 4 times (D) 16 times

63. किस यौगिक में इलेक्ट्रॉन का विस्थानीकरण संभव *नहीं* है ?

(A) 1,3-ब्यूटाडाइईन (B) बेंज़ीन (C) 1,3,5-हेक्साट्राइईन (D) 2-ब्यूटीन

In which compound is electron delocalisation *not* possible ?

(A) 1,3-Butadiene (B) Benzene (C) 1,3,5-Hexatriene (D) 2-Butene

64. दिए गए परिपथ में, BC के सिरों पर वोल्टता पात $V_{BC}$ का मान और 6 Ω प्रतिरोध से प्रवाहित धारा क्रमशः होंगे :




(A) 4 V, 1·33 Amp (B) 3 V, 1·33 Amp (C) 4 V, 0·88 Amp (D) 3 V, 0·88 Amp

In the given circuit, the value of voltage drop $V_{BC}$ across BC, and current through the 6 Ω resistance respectively will be :




(A) 4 V, 1·33 Amp (B) 3 V, 1·33 Amp (C) 4 V, 0·88 Amp (D) 3 V, 0·88 Amp

65. एक ग्रह का घनत्व पृथ्वी के समान है, लेकिन इसकी त्रिज्या पृथ्वी की त्रिज्या की दोगुनी है। यदि पृथ्वी से किसी वस्तु का $V_e$ है, तो उपर्युक्त-उल्लिखित ग्रह से उसी वस्तु का पलायन वेग ज्ञात कीजिए।

(A) $V_e$ (B) $2\,V_e$ (C) $\sqrt{2}\,V_e$ (D) $\frac{V_e}{\sqrt{2}}$

A planet has the same density as Earth, but its radius is twice that of Earth. If the escape veloc object from Earth is $V_e$, then find the escape velocity of the same object from the above-mentioned

(A) $V_e$ (B) $2\,V_e$ (C) $\sqrt{2}\,V_e$ (D) $\frac{V_e}{\sqrt{2}}$

66. एक ऊष्मारोधी दृढ़ पात्र में द्रव्यमान m और विशिष्ट ऊष्मा C वाला एक द्रव है। पात्र के भीतर एक पैडल व्हील है जिसे M, जो ऊँचाई h से एकसमान चाल से नीचे आ रहा है, द्वारा संचालित किया जाता है। गति के दौरान, यांत्रिक ऊर्जा समय एक नियत दर P पर बेयरिंग्स में क्षय होती है, जिससे द्रव का ताप $\Delta T$ बढ़ जाता है। ऊष्मा का यांत्रिक तुल्यांक J है :

(A) $\frac{Mgh - Pt}{mC\Delta T}$ (B) $\frac{Mgh + Pt}{mC\Delta T}$ (C) $\frac{Mgh}{mC\Delta T}$ (D) $\frac{mC\Delta T}{Mgh - Pt}$

A thermally insulated rigid vessel contains a liquid of mass m and specific heat C. A paddle wheel driven by a mass M descending through height h at uniform speed. During the motion, mechanical is dissipated in the bearings at a constant rate P for time t, producing a temperature rise of $\Delta T$ in the The mechanical equivalent of heat J is :

(A) $\frac{Mgh - Pt}{mC\Delta T}$ (B) $\frac{Mgh + Pt}{mC\Delta T}$ (C) $\frac{Mgh}{mC\Delta T}$ (D) $\frac{mC\Delta T}{Mgh - Pt}$

67. नाभिक का द्रव बूँद मॉडल (LDM), जो नाभिकीय विखंडन की व्याख्या करता है, का प्रस्ताव ________ ने दिया था।

(A) अर्नेस्ट रदरफोर्ड (B) रिचर्ड फेनमैन
(C) नील्स बोर (D) अल्बर्ट आइंस्टीन और मैक्स प्लांक

The Liquid Drop Model (LDM) of the nucleus which explains nuclear fission was proposed by ____

(A) Ernest Rutherford (B) Richard Feynman
(C) Niels Bohr (D) Albert Einstein and Max Planck

68. न्यूटन के शीतलन नियम के अनुसार, शीतलन की दर ________ पर निर्भर करती है।

(A) वस्तु के द्रव्यमान (B) ताप के अंतर
(C) दाब (D) केवल पृष्ठीय क्षेत्रफल

According to Newton's law of cooling, the rate of cooling depends on ________.

(A) mass of body (B) temperature difference
(C) pressure (D) surface area only

69. निम्नलिखित में से कौन-सी अभिक्रिया ऐल्किल हैलाइड को ऐल्कीन में परिवर्तित करती है ?

(A) निराकरण (B) योगज (C) प्रतिस्थापन (D) ऑक्सीकरण

Which of the following reactions converts an alkyl halide into an alkene ?

(A) Elimination (B) Addition (C) Substitution (D) Oxidation

1011342241

70. कौन-सा इलेक्ट्रोड, शून्य मानक इलेक्ट्रोड विभव रखता है ?

(A) सिल्वर इलेक्ट्रोड
(B) कॉपर इलेक्ट्रोड
(C) हाइड्रोजन इलेक्ट्रोड
(D) प्लैटिनम इलेक्ट्रोड

Which electrode has zero standard electrode potential ?

(A) Silver electrode
(B) Copper electrode
(C) Hydrogen electrode
(D) Platinum electrode

71. दो कला-सम्बद्ध स्रोतों की तीव्रताएँ $I$ और $4I$ हैं। व्यतिकरण चित्राम (पैटर्न) में अधिकतम तीव्रता होगी :

(A) $5I$ (B) $9I$ (C) $4I$ (D) $3I$

Two coherent sources have intensities $I$ and $4I$. The maximum intensity in the interference pattern is :

(A) $5I$ (B) $9I$ (C) $4I$ (D) $3I$

72. 298 K पर जल में सीमान्त मोलर चालकता का उच्चतम मान किस आयन का है ?

(A) $Ca^{2+}$ (B) $K^+$ (C) $Mg^{2+}$ (D) $Na^+$

Which ion has the highest value of limiting molar conductivity in water at 298 K ?

(A) $Ca^{2+}$ (B) $K^+$ (C) $Mg^{2+}$ (D) $Na^+$

